## एक नजर में

### कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



**घट्टिया।** विकासखंड स्तरीय अंडर 14 बालक बालिका कबड्डी प्रतियोगिता कार्मल हाई स्कूल बांदका में आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में विकासखंड की जीनीयस अकैडमी पलवा, शाश्वत इंटरनेशनल स्कूल उज्जैनिया, महर्षि अरविंद हाई सेकेंडरी स्कूल कालूखेड़ा, कार्मल हाई स्कूल बादका की बालक बालिकाओं की 8 टीमों के 96 खिलाड़ियों ने भाग लिया । कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर सिस्टर शेरन प्राचार्य, क्रीड़ा प्रभारी वीरेंद्र भाटिया, खेल एवं युवा कल्याण विभाग समन्वयक बलवीर सिंह पवार, देवेंद्र सिंह चौहान द्वारा मैदान का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर निर्णायकों प्रीतम सिंह पवार, खुशी भाटी, दशरथ सिंह पवार, कुसुम जाटव आदि थे। अंडर 14 बालक वर्ग में कार्मल हाई स्कूल बांदका विजेता तथा महर्षि अरविंद हाई सेकेंडरी स्कूल कालूहेड़ा उपविजेता, अंडर 14 बालिका में भी कार्मल हाई स्कूल बांदका विजेता तथा शाश्वत इंटरनेशनल स्कूल उज्जैनिया उपविजेता रही। विकासखंड में अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन के आधार पर चयनित खिलाड़ी आगामी 12 अगस्त 2025 को संदीपनी सीएम राइस स्कूल बड़नगर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उक्त जानकारी क्रीड़ा प्रभारी दशरथ सिंह पवार ने दी।

### रक्षाबंधन पर होलसेल किराना बाजार में अवकाश

**उज्जैन।** रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में 9 अगस्त, शनिवार को दौलतगंज होलसेल किराना बाजार का अवकाश रहेगा। संस्था अध्यक्ष अजय रोहरा ने बताया की दौलतगंज होलसेल किराना व्यापारी एसोसिएशन के संचालक मण्डल की सभा में लिए गए निर्णय के अनुसार परंपरा अनुसार इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर होलसेल किराना बाजार में अवकाश रहेगा। सभी को राखी पर्व की मंगलमय शुभकामनाएं देते हुए सभी से अनुरोध किया कि अपने संस्थान का अवकाश रखें और परिवार सहित पर्व का आनंद लें।

### बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाने वाले गुरुजी ओमप्रकाश शर्मा का किया सम्मान




**उज्जैन।** एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत लिटिल एनर्जी शिक्षण समिति उज्जैन द्वारा ग्राम पंचायत तालोद में समाज सेवक गुरुजी ओमप्रकाश शर्मा की मौजूदगी में पौधारोपण कर वितरित किए गए। बच्चों को स्कूल में नि:शुल्क पढ़ाने वाले गुरुजी ओमप्रकाश शर्मा खेलकूद गतिविधियों हेतु भी बच्चों को खेल सामग्री प्रदान करते हैं। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र के साथ ही गांव में सबकी मदद में आगे रहने वाले शर्माजी का जन्मदिन भी इस मौके पर समिति द्वारा मनाया गया। समिति अध्यक्ष किरण सिसोदिया के द्वारा शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आशा शर्मा, सुलोचना मैडम, विनिता शर्मा, रंजू पटेल, सिमरन, शिवानी, पलक पटेल, स्वाति, खुशी, रोशनी, अमीषा, ऋषिका बैरागी, खुशी पटेल आदि मौजूद रहे। आभार समिति की ओर से संतोष सिंह ने माना।

### राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारी की नियुक्ति



**उज्जैन।** राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के कार्य विस्तार हेतु राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी में रिक्त पदों पर संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव डॉ. शहेनाज शेख तथा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. प्रभु चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अनीता तिवारी एवं मनीषा खेडेकर ने नवीन पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

नवीन नियुक्त प्रमुख रूप से डॉ. अनवर शेख पुणे राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, राजेन्द्र गट्टानी भोपाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सीमा देवेन्द्र जोशी उज्जैन अध्यक्ष कार्यकारी मध्यप्रदेश महिला इकाई, कारूलाल जमड़ा जावरा जिला रतलाम प्रदेश उपाध्यक्ष, अनोखीलाल चौधरी राजगढ़ धार प्रदेश उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश, डॉ. दविंदर कौर होरा इन्दौर प्रदेश उपाध्यक्ष महिला इकाई, लेखराज शिवहरे बागली जिला देवास उपाध्यक्ष महिला इकाई म.प्र., श्रुतिभा पाटिल भोपाल राष्ट्रीय संयुक्त सचिव, अनीता भाटी इन्दौर उपाध्यक्ष म.प्र., रंजना फतेहपुरकर इन्दौर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला इकाई नियुक्त किये गये। नवीन पदाधिकारियों को राष्ट्रीय संरक्षक ब्रजकिशोर शर्मा, हरेराम वाजपेयी, डॉ. अशोक कुमार भार्गव, सरोज दवे, पुष्पा गरोठिया, संगीता हडके, इन्दू सिन्हा, गरिमा प्रपन्न, सुंदरलाल जोशी, डॉ. अरूणा सराफ, डॉ. कृष्णा जोशी, सुंदरलाल मालवीय, डॉ. हरीशकुमार सिंह, मधुलता शर्मा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की है।

### राष्ट्रीय बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

उज्जैन। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मप्र द्वारा तृतीय चिंतन शिविर एवं राजपूत समागम का 7, 8 अगस्त को श्री राजाराम होटल एण्ड रिसोर्ट, चिंतामण बायपास रोड, उज्जैन में आयोजन किया जा रहा है। जिसके एक दिन पूर्व राष्ट्रीय बैठक आयोजित की गई जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के पूर्व उत्तराखंड हादसे में मृत लोगों को 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वही घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। राष्ट्रीय बैठक में 22 प्रांतों के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक के पश्चात सभी पदाधिकारी का स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। स्व सुखदेव सिंह गोगामडी ने संघठन की स्थापना की थी। हर प्रदेश में चिंतन शिविर किए जाएंगे। 3 मार्च को स्थापना दिवस पर बनाया जाएगा। वहीं राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना. कॉम एप भी लॉन्च किया गया। आम कार्यकताओं को सभी प्रदेशों के पदाधिकारियों के नंबर रहेगे और संगठन के द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध होगी। एप डाउनलोड करने के बाद ऐप्स जुड़ने के लिए व्यक्ति को अपनी पूरी जानकारी भरना पड़ेगी इसके बाद 99 रुपए शुल्क देना पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष, शिवप्रताप सिंह चौहान ने कहाकि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिये नई पहल की शुरूआत में नि:शुल्क राजपूत छात्रावास का कल शुभारंभ होगा। साथ ही सभी समाजजन से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### महापीठ के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने में सहयोग करने का आग्रह

**उज्जैन।** श्री गुरु रविदास विश्वमहापीठ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष गुरु भक्त ओमप्रकाश मोहने का माकड़ोन प्रवास के दौरान टुकराल में ब्रमाणी माता एवं सोमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण मे विभिन्न संगठनों द्वारा अभिनंदन किया गया। सर्व रविदास अनुयाई समाज परिषद के प्रदेश महासचिव रमेशचंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि मदन सांखला, सुभाष दवे, लक्ष्मण सिंह राठौर, मनोहर आचार्य, अजिता परमार, राजेश प्रजापति, रमेशचंद्र सूर्यवंशी, नारायण सिंह राठोर, लक्ष्मीनारायण परमार आदि ने विभिन्न जगह पर प्रदेश अध्यक्ष मोहने का साफा बांध पुष्पगुच्छ भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया।

## सेवा भारती के बालिका छात्रावास में आटा चक्की का लोकार्पण




**उज्जैन। धन की उत्तम गति दान है, जीवन में आवश्यकता से अधिक धन तनाव का कारण होता है।**

उक्त बात स्वामी असंगानंदजी महाराज ने सेवा भारती द्वारा संचालित बालिका छात्रावास में प्रकाश चित्तौड़ा की प्रेरणा से फूलसिंह शोभा जौहरी द्वारा उनके जन्मदिवस पर भेंट की गई आटा चक्की के लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध मित्र मंडल के सदस्यों से कही।

आपने अपने उद्बोधन में बताया कि लोग हमें हमारे वैभव से नहीं हमारे कर्मों से जानते है। इसलिए हमारे पास यदि हमारी आवश्यकता से अधिक धन है तो उसे सद्कार्यों में लगाना चाहिए इससे हमारे जीवन का तनाव कम होगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए छात्रावास अधीक्षिका प्रीति तैलंग और संजीव आचार्य ने बताया की असंगानंद जी महाराज के पावन सानिध्य एवं प्रबुद्ध मित्र मंडल के अध्यक्ष महेश ज्ञानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सुनील खत्री ने की।

राजेंद्र व्यास के स्वस्ति वाचन व गौतम शर्मा के मार्गदर्शन में छात्रावास की बहिनों के मंत्रोच्चार ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश गर्ग, श्याम माहेश्वरी, चंद्रशेखर माहेश्वरी, दिनेश महाजन, महेश खंडेलवाल, केशव जोशी, चिंतामण राठौड़, अंजली वैशंपायन, उषा बागोदिया, आशा श्रीवास्तव, कृष्णा चित्तौड़ा, हीरामणि महाजन, एम. एल. मेहता, एन.के. तिवारी, अनंत गोरे, एस. पी. श्रीवास्तव, एमबी करंदीकर, कैलाश अग्रवाल, किशन गुप्ता, दुर्गेश विजयवर्गीय, रमेश देशमुख, अशोक विजयवर्गीय, हरिहर शर्मा, प्रदीप जैन, ओमप्रकाश चौरे सहित समिति सदस्य एवं दानदाता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भगवान शर्मा ने किया व आभार सेवा भारती की सचिव सीमा वशिष्ठ ने माना।




## लव जिहाद को लेकर खाचरौद नगर में ऐतिहासिक हिंदू महापंचायत का आयोजन

**खाचरौद। लव जिहाद को लेकर नगर में ऐतिहासिक हिंदू पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें खाचरोद विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणजन, युवा, माता बहनो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।**

यह जन आक्रोश रैली उज्जैन दरवाजा चौराहा से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए शुक्रवारिया बाजार पहुंची। वहां भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू हुई हिंदू महा पंचायत और लव जिहाद को मिटाने के लिए सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने और सख्त कानून बनाने के बात करते हुए इस हिंदू महासभा में आए हुए संत जन ने अपने विचार रखे।

## श्रावणी कर्म सामूहिक आयोजन कल

### रक्षाबंधन पर ब्राह्मण हेमाद्रि, तर्पण कर बदलेंगे जनेऊ

**नागदा। सर्व ब्राह्मण महासभा की अगवानी में प्रतिवर्ष अनुसार सनातन परंपरा को जीवंत करते हुए रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्रावणी (उपाकर्म) का सामूहिक आयोजन शनिवार, 9 अगस्त 2025 को प्रातः 7.30 बजे, गवर्नमेंट कॉलोनी रोड स्थित हनुमान डैम, चंबल तट पर किया जा रहा है।**

श्रावणी कर्म ब्राह्मण परंपरा का एक पवित्र अनुष्ठान है। जिसमें यज्ञोपवीत (जनेऊ) का नवीनीकरण कर, वेद मंत्रों द्वारा आत्मशुद्धि एवं पितृ तर्पण किया जाता है।

रक्षाबंधन के दिन यज्ञोपवीत धारण करने का विशेष महत्व है, क्योंकि यह आत्मबल, संस्कार और सनातन धर्म के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह परंपरा कई दशकों से नगर में निरंतर रूप से निभाई जा रही है, जिसमें नगर व आसपास के सभी ब्राह्मण बंधु सम्मिलित होते है।

कार्यक्रम के अंतर्गत पूजन सामग्री की संपूर्ण व्यवस्था सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा की जाएगी। साथ ही अध्यक्ष डॉ. अनिल दुबे के नेतृत्व में सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा पौधारोपण एवं फलाहार का आयोजन भी रहेगा, जो समाज और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक होगा।

सभी ब्राह्मण बंधुओं से निम्नलिखित सामग्री अपने साथ लेकर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया। स्वयं के उपयोग हेतु पंछा या स्वच्छ वस्त्र, धोती, आसन, दो छोटी थालियां, एक तरबाना, कुशा, आचमनी, लोटा, शंख, शालिग्राम जी (यदि हो), खुल्ले सिक्के, स्नान उपरांत पहनने के वस्त्र, शेष पूजन सामग्री उपलब्ध करा दी जाएगी।

समाज के निलेश मेहता ने बताया ऐतिहासिक एवं पुराणिक महत्व से समृद्ध नागदा, जो कि जन्मजय की पुण्य नगरी के रूप में जानी जाती है, चंबल जैसी पुण्य सलिला नदी के तट पर स्थित है। मान्यता है कि गंगा में जहां 100 नदियां समाहित होती हैं। वहीं चंबल में 99 नदियों का संगम होता है। इसलिए यहां किया गया कर्म गंगा-स्नान के समान पुण्यदायी माना गया है।

यहां वर्षों से श्राद्ध, तर्पण, कालसर्प दोष निवारण, नवग्रह शांति सहित अनेक धार्मिक कर्म संपन्न होते हैं। किन्तु उचित घाट की व्यवस्था न होने के कारण अक्सर आचार्यों और यजमानों को कठिन परिस्थितियों में चट्टानों या असुरक्षित स्थानों पर पूजा करनी पड़ती है, जिससे गिरने की घटनाएँ भी सामने आई हैं।

इस संदर्भ में ब्राह्मण समाज द्वारा धार्मिक उद्देश्य से एक भव्य घाट निर्माण की संकल्पना की गई है, जिसकी जानकारी पूर्व में जनप्रतिनिधियों को भी दी जा चुकी है। समाज सकारात्मक प्रयासों के साथ इस संकल्प को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण की त्रिविध भावना को समर्पित है। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

## महापुराण कथा में गणेश विवाह रिद्धि-सिद्धि संग संपन्न



**नागदा। श्रीराम कॉलोनी स्थित विश्वकर्मा मंदिर में पंडित दीपक रावल के मुखारविंद से चल रही श्री शिव महापुराण कथा के अंतर्गत बुधवार को भगवान गणेश का विवाह रिद्धि-सिद्धि के साथ धूमधाम एवं विधिविधान से संपन्न हुआ। पं. रावल ने कथा के दौरान गणेश विवाह की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि यह आयोजन जीवन में सुख, समृद्धि और सभी मंगल कार्यों की सिद्धि का प्रतीक माना जाता है।**

कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां भक्त भक्ति भाव में सराबोर होकर मंत्रमुग्ध हो गए। आयोजन के पश्चात रुद्राक्ष वितरण किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व की जानकारी दी गई।

कथा के दौरान पंडित दीपक रावल द्वारा 12 ज्योतिर्लिंगों की महिमा का वर्णन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक ज्योतिर्लिंग से जुड़ी पौराणिक कथाओं एवं उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला जाएगा।

आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश केरवार, ओमप्रकाश केरवार, केरवार परिवार, गोवर्धन विश्वकर्मा, राजेंद्र शर्मा, गोविंद रावल, संजय कोठारी, संजय राठौर, अजय पंड्या एवं निलेश मेहता सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

यह जानकारी ब्राह्मण युवा संस्कार परिवार संयोजक निलेश मेहता ने दी।

## सात लाख नवकार मंत्र का होगा जाप



**उज्जैन। श्री राजेंद्र सूरी जैन ज्ञान मंदिर नमकमंडी में नो दिवसीय नवकार मंत्र आराधना में सामूहिक रूप से 7 लाख नवकार महामंत्र का जाप होगा।**

त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के तत्वावधान मे गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वर जी एवं आचार्य श्रीमद विजय जयरत्न सुरिश्वर जी की प्रेरणा से 31 जुलाई से 8 अगस्त तक नौ दिवसीय नवकार मंत्र की आराधना चल रही है, जिसमें 38 आराधक सामूहिक रूप से एकासना व्रत के साथ ही देव वंदन, गुरु वंदन, पूजन, प्रतिक्रमण एवं अन्य धार्मिक क्रियाओं के साथ नमस्कार महामंत्र का जाप कर रहे हैं।

पंच परमेष्ठी की आराधना का यह मंत्र जैन धर्म का सबसे विशेष, प्रभावकारी, एवं शाश्वत मंत्र है। इस नमस्कार महामंत्र की महिमा को देखते हुए पुण्य सम्राट श्रीमद् विजय जयंतसेन सुरीश्वर गुरुदेव द्वारा 50 वर्ष पूर्व यह आराधना प्रारंभ की गयी थी, तब से यह नौ दिवसीय आराधना प्रतिवर्ष भारतवर्ष के विभिन्न शहरों में आयोजित की जाती है।

इसी क्रम में उज्जैन में भी यह आराधना प्रतिवर्ष निरंतर जारी है। इस आराधना में कितने ही आराधक पिछले कई वर्षों से सतत भागीदारिता कर रहे हैं। इस आराधना में प्रतिदिन सामूहिक एकासने श्रीसंघ द्वारा कराए जा रहे हैं, जिसमें एकासना करने का लाभ सौभाग्यमल, मदनलाल, मोहन कुमार रूनवाल परिवार, संजय कुमार, रमणीकलाल कोठारी परिवार, सुनील कुमार हुकुमचंद भटेवरा परिवार, मिश्रीलाल हुकुमचंद चौरडिया परिवार, घासीराम कालूराम गिरिया परिवार, विकास कुमार कांतिलाल चोरड़िया परिवार, चांदमल प्रतापचंद राजबहादुर मेहता परिवार, नरेंद्र कुमार रमणिकलाल तल्लेरा, परिवार एवं अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन बहू परिषद उज्जैन शाखा द्वारा लिया गया।

## सुभाषचंद्र बोस उ.मा. विद्यालय में विद्यार्थियों को साइकिल वितरित



**घट्टिया।** शा.सुभाष चंद्र बोस उमावि निपानिया गोयल में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि बद्रीलाल मालवीय, सरपंच सुरेश मालवीय, पूर्व प्राचार्य वीर सिंह राणा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रभारी प्राचार्य विजय पालीवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पालकगण व विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

**सम्मान** ▸ डॉ. लायन गौतम शर्मा को सर्वश्रेष्ठ ज़ोन चेयरपर्सन (बेस्ट) (वर्ष 2024-25) रूप में सम्मानित किया

## डॉ. लायन गौतम शर्मा सर्वश्रेष्ठ झोन चेयरपर्सन एवं मल्टीपल पुरस्कार से सम्मानित



**उज्जैन। डिस्ट्रिक्ट एंड मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट सम्मान वर्ष 2024-25 लायन्स डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 उज्जैन में आयोजित भव्य डिस्ट्रिक्ट इंस्टालेशन सेरेमनी रिद्धिमा के पावन अवसर पर डॉ. लायन गौतम शर्मा को सर्वश्रेष्ठ ज़ोन चेयरपर्सन ( बेस्ट )( वर्ष 2024-25 ) रूप में सम्मानित किया गया।**

डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. मार्केटिंग लायन दीपक राजवानी ने बताया कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत सेवा यात्रा की उपलब्धि नहीं, बल्कि मेरे क्लब और पूरे झोन की टीम के संकल्प, समर्पण और सहयोग का प्रतीक है। यह हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतिफल है सेवा, नेतृत्व और संगठनात्मक उत्कृष्टता की ओर।

इस सम्मान को हमारे लिए अविस्मरणीय और प्रेरणादायक बनाने हेतु, हम हृदय से सभी को कृतज्ञता प्रकट करते है। मुख्य अतिथि एवं संस्थापन अधिकारी, पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक, नेपाल लायन संजय खेतान आईपीडीजी एवं एमसीसी चेयरपर्सन पीएमजेएफ लायन मनीष शाह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 1 एमजेएफ लायन महेश मालवीय, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2 पीएमजेएफ लायन पंकज मारू, समारोह अध्यक्ष लायन भरत जैन, डिस्ट्रीक्ट पीआरओ लायन दीपक राजवानी तथा सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का जिन्होंने अपने कर-कमलों से यह सम्मान प्रदान कर हमारे सेवा प्रयासों को मान्यता दी और इस पल को अविस्मरणीय बना दिया।

एक और गौरव का क्षण तब आया, जब जोधपुर में आयोजित मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट कन्वेंशन के दौरान, मुझे वाईस एरिया लीडर पीएमजेएफ लायन कुलभूषण मित्तल, पूर्व मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन संजीव जैन, आईपीडीजी एवं एमसीसी चेयरपर्सन पीएमजेएफ लायन मनीष शाह, पूर्व मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी पीएमजेएफ़ लायन यश शर्मा, मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर जीएलटी पीएमजेएफ़ लायन बलबीर साहनी के द्वारा मल्टीपल स्तर पर भी सर्वश्रेष्ठ झोन चेयरपर्सन का पुरस्कार प्रदान किया गया।

यह दोनों सम्मान मेरे जीवन की सेवा यात्रा के अत्यंत प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अध्याय बन चुके हैं। आप सभी के सहयोग, स्नेह और प्रेरणा से, हमारी टीम ने झोन में सेवा कार्यों की नई ऊंचाइयों को छूने का प्रयास किया।

यह सम्मान न केवल मेरा, बल्कि पूरे झोन का गौरव है। मैं यह संकल्प लेता हूं कि भविष्य में भी वी सर्व एंड लीड टू सर्व, सर्व टू लीड की भावना को अपने अंतर्मन में बसाए हुए, लायनिज़्म के आदर्शों, मानवीय मूल्यों और सेवा संस्कृति को और भी ऊंचाइयों तक पहुँचाने हेतु पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करता रहूंगा।